रेलवे मुख्य सुरक्षा पदाधिकारी

६४६. श्री आर० एन० सिंह : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर रेलवे के रेलवे मुख्य सुरक्षा पदाधिकारी को अपने वर्तमान पद पर किस तारीख को नियुक्त किया गया था ?

रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन): २० जुलाई १९५४ ।

STAFF CARS

**647. Col. Zaidi:** Will the minister of Transport be pleased to state:

(a) whether the various Ministries of the Government of India have been supplied with staff cars for official work;

(b) if so, the number of such cars Ministry-wise, during the years 1952, 1953 and 1954; and

(c) the total expenditure on the purchase and maintenance of staff cars during the years 1951-52, 1952-53 and 1953-54, inclusive of the salaries or allowances paid to drivers and cleaners?

**The Deputy Minister of Railways and Transport (Shri Alagesan):** (a) Yes.

(b) A statement giving the required information is attached [*See* Appendix IX, annexure No. 58].

| | | |
|---|---|---|
| (c) | 1951-52 | Rs. 4,85,300 |
| | 1952-53 | Rs. 6,09,600 |
| | 1953-54 | Rs. 6,94,100. |

चीनी का मूल्य

६४८. ठाकुर युगल किशोर सिंह : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चीनी के मूल्य की जांच करने और चीनी के विक्रय-मूल्य के अनुपात से गन्ने का उचित मूल्य निश्चित करने के लिए कोई समिति नियुक्त की गई है ;

(ख) यदि हां, तो इस समिति के कौन कौन सदस्य हैं ; और

(ग) क्या इस समिति में गन्ना-उत्पादकों के प्रतिनिधियों को भी सम्मिलित किया गया है ?

खाद्य तथा कृषि उपमंत्री (श्री एम० वी० कृष्णप्पा) : (क) से (ग). विशेषज्ञ समिति का निर्माण एक प्रस्ताव द्वारा किया गया है जिस की प्रतिलिपि सभा के पटल पर प्रस्तुत की गई है [देखिये परिशिष्ट ९, अनुबन्ध संख्या ५९].

पटना में स्टीमर घाट

६४९. ठाकुर युगल किशोर सिंह : क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पटना में स्थायी स्टीमर घाट का निर्माण करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन): भारत सरकार के पास पटना में स्थायी स्टीमर घाट निर्माण करने के लिए कोई योजना नहीं है । इस विषय में बिहार राज्य सरकार को, जो मूल रूप में ऐसी योजना के लिए उत्तरदायी है, उससे पूछा गया है कि यदि उनके पास कोई ऐसी योजना हो तो वे हमें सूचित करें ।

RAILWAY EMPLOYEES

**650. Dr. Satyawadi:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) the total number of the staff under each category employed at present in the (i) Perambur Coach Factory, (ii) Chittranjan Locomotive Works and (iii) the Jagadhri Workshop.

(b) the number of Scheduled Caste employees among them; and

(c) the total number of persons recruited in each category in 1954-55 in the above concerns and the number of Scheduled Caste employees among them?

**The Deputy Minister of Railways and Transport (Shri Alagesan):** (a) and (b). A statement giving information as far as available is attached [*See* Appendix IX, annexure No. 60].

(c) Information is being collected and will be supplied in due course.

GAZETTED OFFICERS OF DELHI TELEPHONE DISTRICT

**651. Shri Tushar Chatterjea:** Will the Minister of Communications be pleased to state the number of Gazetted Officers working in the Delhi Telephone District for more than four years?

**The Minister of Communications (Shri Jagjivan Ram):** Eight.

उर्वरक का संभरण

**६५२. श्री रामशंकर लाल :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अमरीका तथा भारत सरकार के बीच उर्वरक का संभरण करने के बारे में अभी हाल में कोई करार हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उस करार की एक प्रति सभा-पटल पर रखने का विचार करती है ?

**खाद्य तथा कृषि उपमंत्री (श्री एम० वी० कृष्णप्पा):** (क) जी, हां । उर्वरक के संभरण के बारे में दोनों सरकारों के बीच दो करार हुए हैं ।

(ख) पूर्व के न्याई इन दोनों करारों की प्रतिलिपियां, सदस्यों की जानकारी के लिये सदन के पुस्तकालय में यथावसर प्रस्तुत की जायेंगी ।

MOTIHARI POST OFFICE

**653. Shri Bibhuti Mishra:** Will the Minister of Communications be pleased to state:

(a) whether Government are aware that in the Motihari Post Office old two anna nickel coins are not accepted; and

(b) if so, the reason therefor?

**The Minister of Communications (Shri Jagjivan Ram):** (a) No, only counterfeit coins have been refused.

(b) Does not arise.

DEPUTY GENERAL MANAGERS (AMENITIES)

**654. Shri Krishnacharya Joshi:** Will the Minister of Railways be pleased to state the main duties of the Deputy General Managers (Amenities) appointed on the various Railways?

**The Deputy Minister of Railways and Transport (Shri Alagesan):** The main duties of the Deputy General Managers (Amenities) are:—

(i) Co-ordination between the various departments dealing with passenger amenities, with a view to ensure preparation of appropriate plans for the provision of adequate amenities to the passengers at all stations and in trains;

(ii) to ensure early execution of such amenity works, when sanctioned;

(iii) undertake frequent inspections of stations, travelling in train service compartments, with a view to assess personally the requirements of passengers and also to ensure that the various amenities provided are kept in good state and freely utilised;

(iv) to ensure that appropriate action is taken to reduce over-crowding in trains and to eliminate begging and unauthorised hawking in trains and in railway premises; and

(v) to ensure prompt disposal of public complaints.

रेलवे कर्मचारियों का वेतन

**६५५. श्री एम० एन० सिंह :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में तृतीय श्रेणी के क्लर्कों को स्वीकृत की गई दो वेतन वृद्धियां अभी तक रेलवे के वैसे ही कर्मचारियों को नहीं दी गई हैं ;